आमानाला फार्म में बनेंगी तीन नई गौ–शाला, भूमि चिन्हित

जबलपुर। आज दिनांक 27.08.2020 को वि.वि. सभागार में यशस्वी कुलपति, डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी के नेतृत्व में बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक के विशिष्ट अतिथि माननीय श्री मनोहर दुबे जी, (रिटा.) मुख्य सचिव, राज्यपाल, मध्यप्रदेश, भोपाल का माननीय कुलपति जी द्वारा पुष्प गुच्छ शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया। माननीय कुलपति जी द्वारा वि.वि. के अंर्तगत चल रही गतिविधियों का विश्लेषण किया गया और उन्होंने बताया कि हाल ही में शासन द्वारा आंवटित 3 गौ–शाला जो कि नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के अंर्तगत आमानाला, पशुधन प्रक्षेत्र में खोले जाने की चर्चा की। वि.वि. के अंर्तगत चल रही समस्त परियोजना की भी जानकारी दी। आप ने वि.वि. को आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने के प्रयासों की भी जानकारी दी। वि.वि. अंर्तगत चल रहे डिप्लोमा व डिग्री कॉलेज के बारे में बताया इसी तारतम्य में माननीय द्वारा बताया गया कि वि.वि. की नई उपलब्धियों में 02 नये डेयरी कॉलेज 01 डिप्लोमा कॉलेज की भी शुरूआत जल्द ही होने वाली है।

श्री मनोहर दुबे जी ने आपने आर्शीवचनों में बताया कि संगठन में ही कार्य की सिद्धी होती है। हम सभी को अपनी क्षमताओं का निरीक्षण कर अपनी शक्ति को पहचान कर संस्थान को आत्मनिर्भरता की ओर ले जाना चाहिये। आज के समय में किसानों को कृषि के साथ पशुपालन करना

चाहिये। जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सकें आप ने श्रम प्रधान कार्यों पर जोर दिया एवं आज के डिजिटल युग में संचार क्रान्ति पर जोर देते हुये सतत् परिर्वतन की कामना की है, एवं संयुक्त पशुधन प्रक्षेत्र में गौ–पूजन कर एम्ब्रयू ट्रांसफर परियोजना के लिये चिन्हित गौ–वंश पर काम के बारे में जानकारी ली। साथ ही गौ–शाला के लिये चिन्हित किये गये आमानाला प्रक्षेत्र का निरीक्षण भी किया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव–डॉ. विनोद वाजपेयी, लेखानियंत्रक–श्री अजय सिंह ठाकुर, अधिष्ठाता संकाय–डॉ. आर.पी.एस. बघेल, संचालक शिक्षण–डॉ. एस.के. जोशी, संचालक विस्तार शिक्षा–डॉ. सुनील नायक, अधिष्ठाता–डॉ. राजेश शर्मा, संचालक प्रक्षेत्र–डॉ. जी.पी.लखानी, परीक्षा नियंत्रक–डॉ. जी. दास, कार्यपालन यंत्री– श्री ए.के सिंह, डॉ. अन्जू नायक, डॉ. देवेन्द्र गुप्त, डॉ. अरूण मौर्या, डॉ. विश्वजीत रॉय की गरिमामय उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम का संचालन, अधिष्ठाता छात्र कल्याण–डॉ. आदित्य मिश्रा एवं आभार प्रर्दशन डॉ. विनोद वाजपेयी, कुलसचिव, ना.दे.प.चि.वि.वि. ,जबलपुर ने किया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., अधारताल, जबलपुर